दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे
South East Central Railway
कार्मिक विभाग, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, बिलासपुर
Personnel Department, Divisional Railway Manager Office, Bilaspur

No. W/PB/Wel/SBF/Beautician Course/2023 Date: 30/05/2023

प्रति

समस्त विभागाध्यक्ष /मुख्यालय/बिलासपुर
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/बिलासपुर
समस्त शाखा अधिकारी/ बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य, रेल्वे

विषय: ब्युटिशियन कोर्स मे प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित करने हेतु।
संदर्भ: व.म.कार्मिक अधिकारी/बिलासपुर का पत्र क्रमांक- W/PB/Wel/SBF/beautician course/2023 Dt.01-05-23

इस कार्यालय के उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 01-05-2023 के द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे में कार्यरत अराजपत्रित कर्मचारियो से निर्धारित प्रपत्र मे आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था जिनके परिवार की महिला सदस्य एवं पास नियमानुसार आश्रित सदस्य स्टाफ बेनिफिट फंड से Woman Empowerment Activity के तहत ब्युटिशियन कोर्स मे प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक हैं जिसके लिए अंतिम तिथि 25-05-2023 निर्धारित की गई थी, परंतु कम संख्या मे आवेदन प्राप्त होने के कारण पुन: आवेदन आमंत्रित किया जाता है। जो कर्मचारी आवेदन कर चुके है उन्हे आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।पात्रता मानदंड और अन्य शर्तें नीचे दी गई हैं-

.1 **पात्रता मानदंड-**

- i) अधिसूचना जारी होने की तिथि को कर्मचारी के परिवार के महिला सदस्यों और आश्रितों की आयु 18 से 35 वर्ष होनी चाहिये।
- ii) रेल कर्मचारी के महिला सदस्य एवं आश्रित पास नियम के अधीन होने चाहिये।
- iii) प्रशिक्षण हेतु अंतिम सूची बनाने हेतु प्रथम वरीयता सातवे वेतनमान के निचले लेवल मे कार्यरत कर्मचारियों को एवं द्वितीय वरीयता उम्मीदवार की बड़ी उम्र को दी जाएगी।
- iv) रेल कर्मचारी के परिवार से एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में, उपरोक्त मानदंडों के आधार पर पहले केवल एक आवेदन पर विचार किया जाएगा। सभी कर्मचारियों के एक आवेदन पर विचार करने के बाद भी यदि रिक्तियां रह जाती हैं तो उसी परिवार के शेष आवेदनों पर विचार किया जा सकता है।

2 **ब्यूटीशियन कोर्स की अवधि** - 02 माह + 15 दिन फ्लोर ट्रेनिंग।

3 **प्रशिक्षण का समय** - थ्योरी 02:00 घंटे और फ्लोर ट्रेनिंग 03:00 घंटे प्रति दिन सोमवार से शुक्रवार तक।

4 **प्रशिक्षण एजेंसी** - मेसर्स कैपेलो सैलून एंड एकेडमी

5 **प्रशिक्षण केंद्र** - कैपेलो सैलून एंड एकेडमी, 36 सिटी मॉल, मंगला चौक, बिलासपुर

6 **पाठ्यक्रम** - बेसिक हेयर, बेसिक स्किन और बेसिक मेकअप

7. **प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षुयों की निर्धारित संख्या** - 25 (बिलासपुर मण्डल- 20, मुख्यालय -03, निर्माण -02)

कर्मचारियो से निर्धारित प्रपत्र मे प्राप्त आवेदन को पर्यवेक्षक जिसके अधीन रेल्वे कर्मचारी काम कर रहा है विधिवत प्रमाणित करते हुये नियत तारीख 12-06-2023 तक या उससे पहले इस कार्यालय मे प्रेषित करे। संलग्न निर्धारित प्रपत्र मे आवेदन ध्यानपूर्वक भरे, अपूर्ण आवेदन एवं गलत जानकारी देने पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा एवं इसे निरस्त कर इस कार्यालय द्वारा कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा।

(स्नेहाशीष घोष)
सहायक मण्डल कार्मिक अधिकारी-I
कृते वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी

प्रतिलिपि जानकारी हेतु - उप मुख्य कार्मिक अधिकारी /मानव संसाधन विकास/ मुख्यालय बिलासपुर, अध्यक्ष, रेल्वे भर्ती बोर्ड एवं रेल्वे भर्ती प्रकोष्ठ, बिलासपुर, प्राचार्य / बहू-विभागीय प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र, उसलापुर /बिलासपुर, सर्व संबन्धित, सूचना पटल।

दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे

प्रति
वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी
दक्षिण पूर्व मध्य, रेल्वे बिलासपुर

विषय: स्टाफ बेनिफ़िट फ़ंड के तहत रेल कर्मचारी के महिला सदस्य एवं आश्रितों की ब्युटिशियन कोर्स मे प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र ।

बिलासपुर मण्डल - [ ] मुख्यालय - [ ] निर्माण - [ ]

1. आश्रित महिला का नाम --
2. आधार कार्ड संख्या(स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें)______________________________
3. जन्म तिथि________________आयु_____स्वप्रमाणित दस्तावेज संलग्न करें)
4. मेडिकल कार्ड नं. जिसमें आश्रित का नाम हो: ....(स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें)
5. रेलवे कर्मचारी का नाम____
6. नियुक्ति की तिथि____
7. पदनाम/स्टेशन____
8. मूल वेतन______________लैवल_______(सातवे वेतनमान मे)
9. पीएफ संख्या / कर्मचारी संख्या ______________________________________
10. महिला वार्ड से संबंध____
11. क्या महिला आश्रित पास नियम के अंतर्गत आती है (हां/नहीं)________________
12. सेवा स्थाई है या अस्थाई____
13. कर्मचारी का मोबाइल नं.____

घोषणा : मैं यह घोषणा करता/करती हूँ की ऊपर आवेदन मे दिया गया विवरण मेरी जानकारी मे सम्पूर्ण एवं सही है। उपरोक्त महिला आश्रित/पारिवारिक सदस्य ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त करने की इच्छुक है। यदि उनमें कोई गलत जानकारी पायी जाती है अथवा महिला आश्रित/पारिवारिक सदस्य के पात्रता मानदंड की दृष्टि से पात्र न होने की स्थिति में मेरी महिला वार्ड की उम्मीदवारी बिना किसी सूचना के रद्द कर दी जाए जिसके लिए मैं उत्तरदायी रहूँगा/ रहूँगी।

दिनांक -

स्थान -

कर्मचारी के हस्ताक्षर

प्रमाणित किया जाता है कि कर्मचारी ने अपनी महिला आश्रित/परिवार के सदस्य के लिए ब्यूटीशियन कोर्स प्रशिक्षण के लिए आवेदन किया है जो प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए पात्र है। यह भी प्रमाणित किया जाता कि उनकी महिला आश्रित/परिवार के सदस्य पास नियम के अंतर्गत आते हैं।

पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर जिसके अधीन
रेल्वे कर्मचारी काम कर रहा है

यह प्रमाणित किया जाता है की उपरोक्त महिला आश्रित/पारिवारिक सदस्य पास रूल के तहत श्री __________ ________ पर आश्रित है।

पास क्लर्क के हस्ताक्षर

30/5/23